हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शनिवार, 04 सितंबर 2021, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

Page No. 04 : Middle

रिद्धिमा में स्थापित हुआ इंस्ट्रूमेंट म्यूजियम

बरेली | संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा में इंस्ट्रूमेंट म्यूजियम स्थापित किया गया है। जिसमें केरल, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल सहित देश के कोने कोने से लाकर अब तक सौ से ज्यादा वाद्ययंत्रों को संरक्षित किया है। एसआरएमएस के ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि इसमें जोगी सारंगी, रावण हत्था, गुलगुबा, अलगोजा, एकतारा जैसे फोक वाद्ययंत्र के साथ ही विचित्र वीणा, रुद्र वीणा, सरस्वती वीणा, मयूरी वीणा, सुरबहार, दिलरुबा, पखावज,

एसआरएमएस के रिद्धिमा में प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी गई। • हिन्दुस्तान

मृदंग, गोपीचंद, कश्मीरी सारंगी, संतूर, सारिंदा जैसे शास्त्रीय वाद्ययंत्र भी शामिल हैं। इसमें ज्यादातर विलुप्त श्रेणी में हैं। आदित्य मूर्ति ने कहा कि संरक्षण न होने से हमारे ही देश में अधिकांश वाद्ययंत्र प्रचलन से बाहर हो गए। इनमें से ज्यादातर तो लुप्त हो गए या लुप्त होने की कगार पर हैं। आदित्य मूर्ति ने बताया कि श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ (छत्तीसगढ़) द्वारा मान्यता मिल गई है। उन्होंने बताया कि 18-19 सितंबर को दूसरा आल इंडिया पेंटिंग कंपटीशन होगा। दो दिनी कंपटीशन 10 वर्ष से 16 वर्ष, 17 से 22 वर्ष और 22 वर्ष से अधिक आयु वर्ग जैसे तीन वर्गों में विभाजित किया गया है। इंद्रधनुष नाम से थिएटर फेस्ट 9 से 14 नवंबर और 19 से 24 अक्टूबर के बीच थिएटर वर्कशाप आयोजित हो रही है।